बालोद के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का आयोजन

December 3, 2023 / news24carate.com / 0

Share Share Share Share

शुभम गुप्ता की खबर,,

बालोद घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद में कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग के द्वारा विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे. के. खलखो, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.एल. के. गवेल विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस , विशिष्ट अतिथि डॉ. एच. एल. मानकर विभागाध्यक्ष गणित, प्रो. डी. आर. वैद्य विभागाध्यक्ष वाणिज्य ,

डॉ राधवेश पांडे आईक्यूएससी प्रभारी महाविद्यालय बालोद , प्रो. सीडी मानिकपुरी गणित विभाग , प्रो जी. एन. खरे विभागाध्यक्ष भूगोल , प्रो. जे. आर. नायक विभागाध्यक्ष हिंदी , प्रो सुनीता गणेश जोशी वाणिज्य विभाग , डॉ. आर डी साहू विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र , प्रो. रितू पिस्दा विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान, प्रो. शैलेंद्र आर्य विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन, क्रीड़ा अधिकारी श्री मनीष टोप्पो, लाइब्रेरियन प्रो.जयंती सिह मैम तथा महाविद्यालय के समस्त अतिथि प्राध्यापक , जनभागीदारी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे. के. खलखो ने उद्बोधन में अपने जीवन के संघर्ष व कंप्यूटर के प्रति अनुभवों को छात्रों के समक्ष साझा किया और सभी को कंप्यूटर की बेसिक शिक्षा आवश्यक रूप से लेने की बात कही । कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे प्रो. एल. के .गवेल विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस ने अपने वक्तव्य में छात्रों को सलाह दी कि वह कंप्यूटर का बेसिक उपयोग जैसे ऑनलाइन फॉर्म भरने , एमएस वर्ड में फाइल बनाने और विभिन्न कार्य जिनको करने के लिए चॉइस सेंटर जाना पड़ता है उसे स्वयं से करने की बात कही और दूसरों को भी कंप्यूटर संबंधित ज्ञान को अपने दोस्तो से साझा करने को कहा । विशिष्ट अतिथि डॉ. एच.एल.

मानकर विभागाध्यक्ष गणित ने गणित विभाग में कंप्यूटर के उपयोग के बारे में बताया ।आईक्यूएससी प्रभारी डॉ. राघवेश पांडे ने कंप्यूटर का किस प्रकार सदुपयोग कर अपने दैनिक जीवन के कार्यों को स्वयं कर सकते हैं और टेक्नोलॉजी की इस दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर की जानकारी होनी चाहिए कहा । कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा छात्रों में कंप्यूटर के प्रति जागरूकता के लिए चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, चित्रकला प्रतियोगिता में हेमा साहू बीसीए द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान , कु.क्षमा व प्रिया बीसीए द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान तथा कु. खुशी बीसीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप सी पवन कुमार व कु. उषा प्रथम स्थान तथा कु. मानसी व तारावती द्वितीय स्थान प्राप्त किए इन विजेताओं को कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मध्य में बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र आरिश कुमार ने सभी के मनोरंजन के लिए एक गीत भी गया अंतिम में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रो. शैलेंद्र आर्य विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन ने किया । इस कार्यक्रम में कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं कंप्यूटर साइंस के छात्र-छात्राओं साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा और अधिक संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति के साथ यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।